हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.1 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

13 मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रदर्शनी ...



14 वार्ड 14 के 10 पार्कों का 45 लाख से कायाकल्प ...



## खबर संक्षेप

### महिला किक बॉक्सिंग में रोहतक ने जीते 13 पदक

**रोहतक।** खेलो इंडिया अशमिता महिला किक बॉक्सिंग लीग जोनल सिलेक्शन का आयोजन फरीदाबाद में किया गया। इसमें रोहतक जिले की 20 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। रोहतक ने 8 स्वर्ण, 3 रजत एवं 2 कांस्य पदक हासिल किये । रोहतक जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सभरवाल और रोहतक डिस्ट्रिक्ट किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव दीपक सिवाच ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए निकट भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर शैक्षणिक कार्यक्रम

**रोहतक।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह सिक्का ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के महत्व, तार्किक सोच और दैनिक जीवन में इसके व्यावहारिक उपयोगों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे।

### युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 66 पव्वे अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आर्य नगर थाना प्रभारी बिजेन्द्र ने मुख्य सिपाही देवेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गांधी कैंप मार्केट के नजदीक चाउमीन चौक के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 66 पव्वे अवैध शराब बरामद की गई।

### कानून व्यवस्था से निपटने के लिए किया अभ्यास



**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालय के अधिकारी तथा जिला रोहतक में तैनात सभी पुलिस जवान उपस्थित रहे। परेड के दौरान जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और किसी भी विकट स्थिति से निपटने के लिए लॉ एंड ऑर्डर कंपनी का विशेष अभ्यास पुलिस लाइन परिसर में कराया गया।

## दिवाली के बाद से लगातार प्रदूषण को गटक रहे हैं लोग, हवा की मंथर गति ने तानी जहरीली चादर

# अब प्रदूषण और ठंड का कहर, दिन का पारा सामान्य से 1.9 डिग्री कम

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

सोमवार को रोहतक का दिन का तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये सामान्य से 1.9 डिग्री कम था। रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस रहा। ये भी औसत से 3.8 डिग्री नीचे था। इसी प्रकार रात आठ बजे रोहतक शहर की हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 332 थी। यानी के सांसों के लिए खतरनाक। आईएमडी चंडीगढ़ ने जो पूर्वानुमान देर रात को जारी किया है, उसके मुताबिक आने वाले तीन-चार दिन में ही ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। ठंड बढ़ेगी और पॉल्यूशन दिवाली के बाद से पहले ही बढ़ा हुआ है। कुल मिलाकर आने वाले लोगों पर अति भारी पड़ेंगे। सर्दी महसूस होगी। लेकिन प्रदूषण नहीं। पॉल्यूशन शरीर को दीर्घकालीन अदृश्य नुकसान करता है।

### इस वजह से बढ़ता है पीएम 2.5

जैसे-जैसे तापमान गिरना शुरू होता है, वायु प्रदूषण और भी खतरनाक होता जाता है। सर्दियों के आते ही, प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। सर्दियों में सांस लेना मुश्किल हो जाता है और इसके पीछे भी कई कारण होते हैं। इस मौसमी खतरे को पैदा करने के लिए कई कारक मिलकर काम करते हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि सर्दियों में पीएम 2.5 का स्तर असाधारण रूप से बढ़ जाता है। इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है। सर्दियों के मौसम का मिजाज हालात को और बदतर बना देता है। ठंडी हवा की वजह से जमीनी स्तर के पास पॉल्यूयन फंस जाता है। इससे एक प्राकृतिक अवरोध बनता है जो प्रदूषकों को फैलने से रोकता है। धूल भी इसमें एक प्रमुख भूमिका निभाती है। अगर पॉल्यूशन फैल जाए तो इसका लेवल कम हो जाता है।

### सर्दियों में बारिश न होने से प्रदूषण बना रहता है

सर्दियों में बारिश बहुत कम होती है, जिसका मतलब है हवा की प्राकृतिक सफाई कम होती है। बारिश न होने का मतलब है कि प्रदूषण लंबे समय तक बना रहता है। शुष्क सर्दियों के कारण धूल हर जगह जमा हो जाती है, जिससे कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। कम वर्षा से वायुमंडलीय मिश्रण कम होता है और कणों का जमावड़ा होता है। लोग गर्मी को अंदर बनाए रखने के लिए अपने घरों को कसकर सील कर देते हैं। घर के अंदर की धूल, जिसमें गंदगी के कण, मृत त्वचा, रेशे और सूक्ष्म पदार्थ होते हैं, सतहों पर चिपक जाती है क्योंकि वहां वेंटिलेशन कम होता है।

| दिसंबर 2025 का तापमान | अधिकतम | न्यूनतम | दिसंबर 2024 | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 को | 22 | 08 | 1 को | 24 | 13 |
| 2 | 24 | 11 | 2 | 24 | 12 |
| 3 | 21 | 08 | 3 | 25 | 12 |
| 4 | 20 | 07 | 4 | 25 | 12 |
| 5 | 20 | 08 | 5 | 23 | 10 |
| 6 | 22 | 08 | 6 | 23 | 11 |
| 7 | 26 | 09 | 7 | 22 | 09 |
| 8 | 24 | 10 | 8 | 22 | 10 |
| 9 | 23 | 09 | 9 | 19 | 10 |
| 10 | 22 | 10 | 10 | 20 | 08 |
| 11 | 23 | 09 | 11 | 20 | 06 |
| 12 | 22 | 09 | 12 | 20 | 06 |
| 13 | 24 | 09 | 13 | 21 | 06 |
| 14 | 23 | 10 | 14 | 21 | 06 |
| 15 | 20 | 10 | 15 | 20 | 06 |
| 16 | 22 | 09 | 16 | 20 | 06 |
| 17 | 22 | 09 | 17 | 22 | 07 |
| 18 | 18 | 08 | 18 | 20 | 07 |
| 19 | 18 | 09 | 19 | 21 | 07 |
| 20 | 16 | 08 | 20 | 21 | 09 |
| 21 | 18 | 10 | 21 | 21 | 09 |
| 22 को | 19 | 10 | 22 को | 23 | 09 |



प्रो. डॉ. राजेश

### ठोस नीतियां बनानी होंगी

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रोफसर डॉ. राजेश धनखड़ बताती हैं कि वायु ठहराव तब होता है जब वायुमंडलीय गति महत्वपूर्ण स्तर से नीचे गिर जाती है। हवा की गति कमजोर होते ही पीएम 2.5 की मात्रा स्वभाविक रूप से बढ़ती है। डॉ. धनखड़ ने कहा कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पॉल्यूशन दिन-प्रतिदिन गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। सरकार ने इसके नियंत्रण के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी। अगर ऐसा नहीं किया गया तो परिणाम घातक होंगे। पीएम 2.5 के कण इतने महीने होते हैं कि वे हमें दिखाई नहीं देते। खराब हवा का असर शरीर को तुरंत नुकसान करता हुआ दिखाई नहीं देता। लेकिन इसका दीर्घकालीन असर काफी खतरनाक होता है, ये दावा प्रो. धनखड़ का है।



डॉ. अरूण कुमार

### अरावली की पहाड़ियों को बचाया जाए

एनवायरोकैटलिस्टस नई दिल्ली के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि अरावली पर्वत को खत्म करने की जो योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे पर्यावरण की दृष्टि से आने वाली पीढ़ियां का जीवन खतरे में डाल देंगी। एनसीआर में पॉल्यूशन की भयानक स्थिति है और सरकार एनसीआर के साथ लगती अरावली की पहाड़ियों को बचाने की बजाय नष्ट की अनुमति दे रही है। अगर पहाड़ियां खत्म हो गई तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का पारिस्थितिकी तंत्र गड़बड़ा जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड पर सरकार सख्त

# मुख्यमंत्री बोले-दोषी नहीं बचेंगे परिवार को मिलेगा पूरा न्याय

### 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से मुलाकात इंसाफ की मांग

- सीएम ने डीजीपी से बात कर रोहतक पुलिस को जांच सौंपने के लिए कहा
- अभी तक केवल पांच आरोपी हैं पुलिस की गिरफ्त में
- एक दिन पहले रोहित की मां ने दी थी आत्मदाह की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर एवं छह बार के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर सर्वखाप पंचायत हरियाणा का एक 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास पर मिला। जिन्होंने मुख्यमंत्री को इस हत्याकांड से जुड़ा विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए पूरे घटनाक्रम, अब तक की पुलिस कार्रवाई, लंबित गिरफ्तारियों से अवगत कराया। सीएम ने मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच भिवानी पुलिस से रोहतक पुलिस को सौंपने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि विगत 27 नवंबर की रात्रि भिवानी जिले में एक विवाह समारोह से लौटते समय केवल महिलाओं के सम्मान में अभद्रता का विरोध करने पर रोहित धनखड़ की 18 से 20 हमलावरों द्वारा सुनियोजित तरीके से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में थाना सदर भिवानी में चार नामजद व 15 से 20 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है, लेकिन घटना को लगभग एक महीना बीत जाने के बावजूद अधिकांश आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। बताया कि डीजीपी द्वारा 16 दिसंबर तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का समय दिए जाने के बावजूद केवल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो पाई।



रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास पर मिलते सर्वखाप पंचायत के 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ।

### सीएम से मुलाकात सकारात्मक रही

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि 13 दिसंबर को रोहतक स्थित जाट भवन में आयोजित 36 बिरादरी सर्वखाप महापंचायत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि यदि समयबद्ध न्याय नहीं मिला, तो समाज कानून के दायरे में रहकर आगे की रणनीति तय करने को विवश होगा। मुख्यमंत्री से हुई आज की मुलाकात को सर्वखाप पंचायत ने सकारात्मक, आश्वस्त करने वाली और निर्णायक दिशा देने वाली बताया।

### सीएम ने डीजीपी से फोन पर बात की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान डीजीपी से फोन पर सीधे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हत्याकांड की जांच भिवानी पुलिस से हटाकर रोहतक पुलिस को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया तुरंत अमल में लाई जाए तथा शेष सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए जिससे प्रदेश में एक स्पष्ट संदेश जाए कि कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा रोहित की बहन को उसकी योग्यता के अनुसार नौकरी देने के विषय पर सरकार गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है और शीघ्र ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और रोहित धनखड़ को न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### आश्वासनों पर अमल नहीं तो बड़ी पंचायत बुलाएंगे

पंचायत का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से यह विश्वास मजबूत हुआ है कि रोहित धनखड़ के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा और पीड़ित परिवार को राहत मिलेगी। साथ ही पंचायत ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ, तो प्रदेशभर की खापों की एक और बड़ी पंचायत बुलाकर आगे का निर्णय लिया जाएगा, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

### सर्वखाप पंचायत के 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में ये शामिल

- रणबीर धनखड़, प्रधान, ऑल इंडिया धनखड़ खाप,
- समंदर सिंह धनखड़, प्रधान, हरियाणा धनखड़ खाप,
- सुरेंद्र दहिया, प्रधान, दहिया खाप,
- कृष्ण लाल हुड्डा, प्रवक्ता, ऑल इंडिया हुड्डा खाप
- एडवोकेट चंचल नांदल, समाजसेवी
- संदीप धनखड़, पूर्व सरपंच, हुमायूंपुर,
- दीपक धनखड़, छात्र नेता, हुमायूंपुर,
- सतीश धनखड़, चाचा, स्वर्गीय रोहित धनखड़,
- बबलू धनखड़, पूर्व सरपंच, हुमायूंपुर,
- जोगेंद्र धनखड़ सरपंच प्रतिनिधि हुमायूंपुर,
- ओमप्रकाश धनखड़, सरपंच प्रतिनिधि , बखेता,
- सूबेदार दिलबाग सिंह, हुमायूंपुर,
- राजेश शर्मा, समाजसेवी, हुमायूंपुर
- जगबीर नंबरदार पूर्व सरपंच सिसाना
- रणबीर धनखड़ कासनी, समाजसेवी,
- धर्मपाल (पाले) धनखड़, समाजसेवी,
- मुकेश धनखड़ समाजसेवी

## बहलबा गांव के लोगों को मिली बड़ी राहत

# एसडीएम कोर्ट ने बंद पंचायती रास्ते को खोलने के दिए आदेश

### उपमंडल मजिस्ट्रेट ने पंचायत को रास्ता पक्का करने के भी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

बहलबा गांव के रकबे में कुछ लोगों ने पंचायती रास्ता रोक रखा था। साथ लगते खेत के मालिक एडवोकेट संजय अहलावत ने इस संबंध में ग्राम पंचायत के पास गुहार लगाई की यह रास्ता पंचायत की मलकियत है, यह वर्ष 1971 में हुई चकबंदी के समय बनाया गया था और इसका राजस्व रिकॉर्ड में रंग भरा हुआ है। पंचायत ने संजय अहलावत की अपील को दरकिनार कर दिया। यह रास्ता सरकारी स्कूल को गांव की ओर से दी गई कृषि भूमि के साथ लगता है। इसलिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहलबा के प्रिंसिपल से भी रास्ते को खोलने की लिखित मांग की गई। लेकिन पंचायती रास्ते को खोलने की बजाए, रास्ते की वजह से वाली जगह से मिट्टी उठावा दी गई और रास्ते की जगह पर दो जगह छह छह फिट गहरे गड्ढे खोद दिए गए। जिस वजह से लोगों का आवागन बिल्कुल ही बंद हो गया। कई साल तक जब गांव स्तर पर कहीं पर भी सुनवाई नहीं हुई तो पड़ोसी खेत के मालिक बहलबा गांव निवासी एडवोकेट संजय अहलावत ने उपमंडल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में शिकायत दी। उपमंडल मजिस्ट्रेट ने मौके का मुआयना किया। मैजिस्ट्रेट मुकुंद ने शिकायत को सही पाया। पंचायती रास्ता बंद किया हुआ था। रास्ते में जेसीबी मशीन से गड्ढे खोद रखे थे। मजिस्ट्रेट ने तुरंत उक्त रास्ते को खुलवाने के आदेश दिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को कहा कि एक महीने के अंदर अंदर उक्त रास्ते पर मिट्टी भी डलवाई जाए।

### क्रिकेट मैच: आरसीए दिमाना ने 173 रनों से जीता लीग मुकाबला



**रोहतक।** गोयल विंटर वनडे क्रिकेट कप 2025 के लीग मुकाबले में सोमवार को आरसीए दिमाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 173 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। यह मुकाबला विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिमाना की टीम ने 49.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 303 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से संचित चाहर ने शानदार शतक जड़ते हुए 89 गेंदों पर 101 रन बनाए। जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा आर्यन खनगवाल (60 रन) और युगल भारद्वाज (53 रन) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। निचले क्रम में आयुष 12 रन बनाकर नाबाद रहे। गोयल क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी संघर्षपूर्ण रही। अभिनव गुप्ता ने 3 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। जबकि सुनील राणा और सुखद को 2-2 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत ही बेहद खराब रही। पूरी टीम मात्र 130 रन पर 32.5 ओवर में सिमट गई।

## डीसी ने यमुना एक्शन प्लान की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

# ड्रेन नंबर 8 व अन्य नालों में उपचारित पानी ही छोड़ा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




उपायुक्त सचिन गुप्ता ने यमुना एक्शन प्लान की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में ड्रेन नंबर-8 तथा उससे जुड़े अन्य नालों में केवल उपचारिता पानी ही छोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों को चिन्हित स्थानों पर अपशिष्ट जल के उपचार की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की सख्ती से अनुपालना करने के निर्देश दिए । सचिन गुप्ता ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित यमुना एक्शन प्लान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी सूरत में बिना उपचारित अपशिष्ट जल न डाला जाए। उन्होंने कहा कि यमुना नदी की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ने ड्रेन नंबर-8 व अन्य नालों में अपशिष्ट जल डालने की जांच के लिए गठित समिति से निरीक्षण एवं कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने बताया कि समिति सभी पहलुओं की समीक्षा कर रही है तथा जो भी एजेंसी बिना उपचारित पानी छोड़ती पाई जाएगी, उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। समिति ने जानकारी दी कि चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर लिया गया है।

**अवलोकन** छात्रों को प्राचीन विरासत से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का दुर्लभ अवसर मिला

# राखीगढ़ी के ऐतिहासिक स्थल पर मूर्तिकला कार्यशाला में डीएलसी सुपवा के दृश्य कला छात्रों की रही सहभागिता

### पुरातात्विक खोजों, संरक्षण प्रक्रियाओं तथा सांस्कृतिक विरासत को समझने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



दादा लख्मीचंद राज्य विश्वविद्यालय प्रदर्शन एवं दृश्य कला (डीएलसी सुपवा) के दृश्य कला संकाय के तेरह स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा 19 से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यशाला हिसार स्थित राखीगढ़ी संग्रहालय परिसर में आयोजित की गई, जो सिंधु–सरस्वती सभ्यता के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है और अपने विशाल पुरातात्विक टीले तथा ऐतिहासिक महत्व के लिए विश्वविख्यात है। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावहारिक कलात्मक प्रशिक्षण को पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक अध्ययन के साथ जोड़ना था, जिससे छात्रों को भारत की प्राचीन विरासत से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का दुर्लभ अवसर मिला। कार्यशाला के दौरान छात्रों को मूर्तिकला निर्माण की गहन प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें सिंधु घाटी सभ्यता से प्रेरित टेराकोटा कला पर विशेष बल दिया गया। उन्हें प्रख्यात मूर्तिकार प्रदीप कुमार द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों में अवधारणा, सामग्री के उपयोग और रूप निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया। स्टूडियो आधारित प्रशिक्षण के अतिरिक्त, छात्रों ने हड़प्पा नॉलेज सेंटर तथा राखीगढ़ी के उत्खनन स्थलों का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें पुरातात्विक खोजों, संरक्षण प्रक्रियाओं तथा विश्व की प्राचीनतम नगरीय सभ्यताओं में से एक की सांस्कृतिक विरासत को समझने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। इन गतिविधियों ने कला, इतिहास और भौतिक संस्कृति के आपसी संबंधों को समझने में छात्रों की दृष्टि को और व्यापक किया। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों ने अपने अधिगम परिणाम के रूप में सिंधु घाटी सभ्यता की आकृतियों और विषयों से प्रेरित टेराकोटा मूर्तियों का निर्माण किया।

### कुलपति ने पहल की सराहना की

इस अवसर पर कुलपति डॉ. अमित आर्य ने पहल की सराहना करते हुए कहा राखीगढ़ी जैसे जीवंत विरासत स्थलों से जुड़ाव छात्रों को कला को केवल अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि इतिहास और सभ्यता के साथ संवाद के रूप में समझने का अवसर देता है। इस प्रकार की अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधियां रचनात्मक सोच, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और शैक्षणिक गहराई को सुदृढ़ करती हैं।

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश
## बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।



**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।



**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायार्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरेट।

बच्चे और आप

नम्रता नदीम

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

## दादा-दादी और बच्चे
## खूब भाता है एक-दूसरे का साथ



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।


## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स
## मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।



**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।

**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



### माकपा सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**रोहतक।** वी बी जीरामजी रद्द कर मनरेगा को बहाल करके 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने की मांग को लेकर वामपंथी पार्टियों के आह्वान पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मजदूर विरोधी अधिनियम की प्रतियां फूंक कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन से पहले सभी कार्यकर्ता स्थानीय मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए। कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे माकपा जिला सचिव सतबीर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने के लिए लाए गए वी बी जी राम जी बिल को ना तो संसदीय स्टेडिंग कमेटी के पास भेजा गया और ना ही इस पर पर्याप्त बहस करवाई गई। इस मौके पर सीटू नेता भगत सिंह,संजीव, किशोर, किसान नेता सुमित और अशोक, खेत मजदूर नेता संदीप सिंह, सुरेश यादव, धर्मदास, रमेश, मनोज, रवि, अमित, राकेश, संजय, रामशरण, सोनू प्रमुख तौर पर मौजूद रहे ।

### डीसी सचिन गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंस हॉल में ली अफसरों की बैठक

# बाढ़ व जलभराव समस्या को लेकर किया विचार-विमर्श

***उपायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण एजेंडे की समीक्षा की***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला में बाढ़ व जलभराव की समस्या की प्रभावी रोकथाम के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ एक प्री-रिव्यू बैठक आयोजित कर बाढ़ नियंत्रण एजेंडे की समीक्षा की। सचिन गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस प्री-रिव्यू बैठक का उद्देश्य जिला के सभी बाढ़ संभावित व जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की समग्र पहचान कर वहां उपयुक्त रोकथाम कार्यों की योजना बनाना है, ताकि मानसून से पूर्व प्रभावी समाधान सुनिश्चित किए जा सकें।



**रोहतक।** बाढ़ संभावित व जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

#### प्रशासन जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की रोकथाम तथा अत्यधिक वर्षा की स्थिति में त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-वार बाढ़ संभावित स्थलों, प्रस्तावित हस्तक्षेपों, जल निकासी क्षमता तथा अपेक्षित परिणामों का विस्तृत आंकलन तैयार करें, ताकि बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके।गुप्ता ने जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल को निर्देश दिए कि वे पिछले तीन वर्षों में बाढ़ व जलभराव के कारण फसल क्षति पर वितरित मुआवजे का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत बाढ़ नियंत्रण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त आवश्यक उपायों पर चर्चा की।

#### व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

बैठक के उपरांत उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मोखरा, बहलबा व मदीना सहित विभिन्न गांवों में प्रस्तावित बाढ़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण उपाय इस प्रकार नियोजित किए जाएं कि सामान्य वर्षा में जलभराव न हो तथा भारी वर्षा की स्थिति में अतिरिक्त पानी की शीघ्र निकासी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य, राजस्व एवं सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शिवराज, प्रमोद चहल, अरुण मुंजाल, राजीव राठी, अरुण कुमार, संजीव कुमार, एसडीओ सुजीत, अंकित जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल थे।



रोहतक। शिविर में जांच करते डॉक्टर। फोटोः हरिभूमि

## स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान जरुरी : डॉ आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस) के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा एक दंत चिकित्सा जांच और मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और आम मौखिक बीमारियों का जल्दी पता लगाना था। जानकारी देते हुए पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर आदर्श ने बताया कि शिविर में लगभग 65 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें दंत क्षय, पेरियोडोंटल बीमारियां, मौखिक स्वच्छता स्थिति, और अन्य मौखिक विकार शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और व्यक्तियों को समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेने वालों को मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की गई। टीम ने उन्हें अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने, सही ब्रशिंग तकनीकों, और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। आम मौखिक स्वास्थ्य से संबंधित मिथकों और गलत धारणाओं को भी संबोधित किया गया और स्पष्ट किया गया। डॉ आदर्श ने कहा कि जिन व्यक्तियों को आगे उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें पीजीआईडीएस में विशेषज्ञ दंत चिकित्सा के लिए भेजा गया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस तरह के आउटरीच कार्यक्रम पीजीआईडीएस रोहतक की समुदाय मौखिक स्वास्थ्य में सुधार और निवारक दंत चिकित्सा के बारे में जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## न्यूज डायरी



### अफसरों ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

**रोहतक।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं गई तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे बारे दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक गुलाब सिंह, डीएमसी जितेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। नगराधीश ने नागरिकों की शिकायतें सुनने के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए किए वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें। उन्होंने कहा कि शिकायत का एक छत के नीचे तुरंत निदान करने के उद्धेश्य से हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का भव्य समापन

**रोहतक।** सांघी गांव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सोमवार को भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक मुख्य अतिथि के रूप में तथा खंड शिक्षा अधिकारी जय भगवान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल बबीता रानी ने की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की।



### महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में इंटर कॉलेज बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में इंटर कॉलेज बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. कुसुम लता ने बताया कि इसमें पहला मैच एमकेजेके कॉलेज और जाट कॉलेज रोहतक के बीच हुआ, जिसमें एमकेजेके कॉलेज ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में जाट कॉलेज रोहतक और डीसीएस गोहाना के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें डीसीएस गोहाना ने जीत दर्ज की। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत और जाट कॉलेज रोहतक के बीच हुए मैच में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत ने जीत हासिल की। चौथा मैच डीसीएस गोहाना और महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक के बीच हुआ, जिसमें महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय ने जीत दर्ज की।

## एग्री स्टैक परियोजना को गांव-वार किया जा रहा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में एग्री स्टैक परियोजना को गांव-वार आधार पर मिशन मोड में लागू किया जा रहा है, ताकि किसानों के डाटा का व्यापक, सटीक एवं सत्यापित पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने उप-मंडलाधिकारियों को तहसील-वार गांवों के चयन तथा पंजीकरण प्रक्रिया के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए संरचित योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सचिन गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए एग्री स्टैक पोर्टल पर किसानों के डाटा पंजीकरण को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डाटा की शुद्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

#### एग्री स्टैक पोर्टल विकसित किया जा रहा

डीसी ने कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन 2024 के तहत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करते हुए एग्री स्टैक पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को एकीकृत किया जाएगा।

## जेपी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेपी इंटरनेशनल विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत (रजिस्ट्रार, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय) तथा डॉ. लक्ष्मी गुप्ता (प्रोफेसर, एमडीयू) रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन संस्था अध्यक्षराजीव मलिक, निर्देशक गौरव मलिक, शैक्षणिक निर्देशिका गरिमा मलिक तथा प्रधानाचार्य बायनाथ नाइक ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं शुभ आशीर्वचनों के साथ किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं रोबोटिक्स, गणित, चिकित्सा, कृषि एवं औद्योगिक विकास से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए।



## विकल्प पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकल्प पब्लिक स्कूल में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर प्रातः विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणित अध्यापिका मोनिका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने रामानुजन के जीवन, संघर्ष और गणित के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, गणनात्मक कौशल एवं गणित के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में गणित क्विज प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी और कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न, त्वरित गणना, तार्किक प्रश्न एवं रोचक पहेलियाँ शामिल रहीं, जिनसे विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण पाहवा एवं कोऑर्डिनेटर मंजु ने किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को गणित में निरंतर अभ्यास एवं तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीमों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कक्षा छठी में 'टीम निंजा' (दीपाली, गोविंद, यथार्थ, मयंक एवं धनिष) प्रथम रही, जबकि कक्षा तीसरी में 'ब्रेनी बंच' टीम (दुष्यंत, नमन, दीपिका एवं कृष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजकों की सराहना की और रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



रोहतक। शिक्षकों संग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कौशल रोजगार निगम ने पीजीआई को दी हरी झंडी : मनीष ग्रोवर

**रोहतक।** हरियाणा सरकार के कौशल रोजगार निगम लिमिटेड विभाग ने पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर चिकित्सा संस्थान की कच्ची नौकरियों के लिए निगम से जोड़ने की हरी झंडी दे दी है। अब संस्थान निगम के नियमानुसार रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करके भर्ती कर सकेगा। इसके लिए पीजीआईएमएस को निगम के सभी नियमों का अनुसरण करते हुए काम करना होगा। निगम के फैसले से संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को राहत की नई उम्मीद पैदा हुई है। सरकार के फैसले की सूचना देते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने बताया कि बीते दिनों हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के बोर्ड आफ डायरेक्टर की चंडीगढ़ में अति महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, जिसमें पीजीआई में कार्यरत कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लाने के लिए चर्चा की गई थी।




#### वीर बाल दिवस के अवसर पर लाइट एंड साउंड शो में छात्रों ने की भागेदारी

**रोहतक।** वीर बाल दिवस के अवसर पर रोहतक स्थित सुपवा यूनिवर्सिटी के परिसर में आयोजित भव्य लाइट एंड साउंड शो में श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के छात्र कल्याण विभाग के स्वयंसेवकों ने सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। इस अवसर पर छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका डॉ. अंजू देशवाल एवं सह-संयोजिका डॉ. रजनी कुमारी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों पलक, लावण्या, सारिका, अनमोल, राघव, सूरज, अमितेश सहित अन्य विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, साहस और वीरता को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रप्रेरक आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्वबोध, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय चेतना का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा।

### वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति रक्तदान शिविर का आयोजन

**रोहतक।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति रक्तदान शिविर का आयोजन जिमखाना क्लब, पंचकुला में किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला सह-मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने व रूपरेखा बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने सिंचाई विश्राम गृह में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और मानवता के मूल्यों को समर्पित रहा। वे केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील विचारक और मानवता के प्रतीक थे। उन्हीं के आदर्शों से प्रेरित होकर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों के लिए सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी ज्ञान और आत्मविश्वास क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को छह टीमों गंगा गार्जियन्स, यमुना यंगस्टर्स, नर्मदा नेविगेटर्स, कृष्णा कमांडोज, गोदावरी गुरूज एवं कावेरी चैम्पियंस में विभाजित किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंतर्गत छह रोचक चरण रखे गए, जिनमें विजुअल राउंड, एमसीक्यू राउंड, अनस्क्रैम्बल वर्ड्स, प्रश्न-उत्तर राउंड, सही-गलत राउंड तथा रैपिड फायर शामिल रहे।



प्रतियोगिता का संचालन रेणू शर्मा, एवं पूजा रोहिल्ला द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कक्षा तीसरी से समरवीर, लावण्या, यंशिका एवं अभिषेक विजयी रहे, जबकि कक्षा चौथी से पार्थ, अर्जुन, लावण्या सैनी, लावण्या एवं मायरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की को-फाउंडर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी एवं कोऑर्डिनेटर रजनी गुलाटी उपस्थित रहीं।

**आयोजन** कार्यक्रम में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में एक भव्य गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र सिक्का एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा



द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ. अरुणा तनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न रचनात्मक गणितीय मॉडल, चार्ट एवं गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इन प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गणितीय अवधारणाओं को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र सिक्का ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। डॉ. सिक्का ने विशेष रूप से कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये विद्यार्थी वास्तव में युवा गणितज्ञ हैं, जिनकी जिज्ञासा और प्रारंभिक समझ सराहनीय है। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता एवं गणितीय सोच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु चॉकलेट वितरित की। प्रदर्शनी से पूर्व डॉ. जितेंद्र सिक्का ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को अंकगणितीय प्रगति विषय पर विशेष व्याख्यान दिया, जिसका उद्देश्य विषय की गहन एवं स्पष्ट समझ प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसकी सरलता और स्पष्टता की प्रशंसा की। यह आयोजन सभी के लिए एक प्रेरक एवं समृद्ध शैक्षणिक अनुभव साबित हुआ।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
पं. तुषार शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

# खबर संक्षेप

## अंबेडकर चौक पर रक्त दान शिविर लगाया

**रोहतक।** अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह महाराज ने की। आज का रक्त दान शिविर गुरु गोबिंद सिंह महाराज के साहबजादों की याद में आयोजित किया गया। हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनकी याद में राष्ट्र देवो भव मिशिन संस्था द्वारा रक्त दान शिविर लगाया गया।

## गांव किशनपुरा में चलाया जागरुकता अभियान

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव किशनपुरा में आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सउपनि मोहन ने किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। सउपनि मोहन ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में इस बुराई के खिलाफ एकजुटता की भावना को मजबूत करना है।

## लोगों को मध्यस्थता के बारे में जागरूक किया

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सोमवार को गांव खरावड़ में एक जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता सुदीप सिंह अहलावत ने ग्रामीणों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभों तथा आपसी सहमति से विवादों के त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान के महत्व के बारे में जानकारी दी। लोगों को मध्यस्थता के बारे में बताया गया कि यह वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है।

## कप्तान दादी सती सुंदरी देवी सेवा ट्रस्ट के प्रधान बने

**महम।** निंदाना गांव स्थित दादी सती मंदिर में दादी सती सुंदरी देवी सेवा समिति ट्रस्ट की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। कप्तान रोहिला को प्रधान, राजेश बल्लू को उपप्रधान, सत्यनारायण को सचिव, सोमबीर को सह सचिव, रामभज को प्रेस सचिव, मंजीत रोहिला को कैशियर, बंटू व अनिल को सहायक कैशियर, पवन, सुखबीर व सत्येंद्र को ट्रस्ट सदस्य बनाया गया।

# विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गूंजे रोहतक के मुद्दे, आईएमटी में शिफ्ट होगा हैफेड प्लांट

### विधायक बत्रा ने सहकारिता मंत्री के समक्ष रोहतक के हैफेड फीड प्लांट को तुरंत बंद कर इसे आबादी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहरी कांग्रेस के विधायक भारत भूषण बत्रा ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों को सदन में प्रमुखता के साथ उठाया। विधायक बत्रा ने सहकारिता मंत्री के समक्ष रोहतक के हैफेड फीड प्लांट को तुरंत बंद कर इसे आबादी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। उस पर कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जवाब में बताया कि दो साल में हैफेड को आईएमटी में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

उन्होंने हरियाणा विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों की सेवा सुरक्षा तथा प्रवासी कामगार मजदूरों की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक बतरा ने कहा कि यह प्लांट अब उत्तम विहार जैसे घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र के बीच आ चुका है। प्लांट के चारों ओर सैकड़ों घर बसे हुए हैं, जहां रहने वाले लोग लंबे समय से भारी असुविधा झेल रहे हैं। प्लांट की भट्टी से निकलने वाली राख और धुएं का असर सीधे घरों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को सांस और त्वचा से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। बत्रा ने सदन में बताया कि गर्मी के मौसम में प्लांट से उत्पन्न होने वाली गंदगी के कारण सुरसी (घोंघे) भी लोगों के घरों में घुस जाते हैं, जिससे स्थिति और भी भयावह हो जाती है। उन्होंने सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से सवाल किया कि क्या सरकार इस भूमि का उपयोग किसी अन्य विकासात्मक कार्य के लिए कर सकती है और क्या इस फीड प्लांट को शहर से बाहर स्थानांतरित करने का कोई ठोस प्रस्ताव विचाराधीन है।

### सदन में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने यह दिया जवाब



सदन में जवाब देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा अरविंद शर्मा ने कहा कि रोहतक स्थित हैफेड फीड प्लांट को शहर से बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान फीड प्लांट को आईएमटी रोहतक स्थित मेगा फूड पार्क में स्थानांतरित कर एक नया, आधुनिक पशु चारा संयंत्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तम विहार कॉलोनी, रोहतक के आवासीय क्षेत्र के समीप स्थित हैफेड फीड प्लांट अब घनी आबादी से घिर चुका है, जिससे उत्पन्न समस्याएं क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। उन्होंने बताया कि हैफेड द्वारा वर्ष 1976 में रोहतक में 100 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाला पशु चारा संयंत्र स्थापित किया गया था, जिसे वर्ष 2008 में उन्नत कर इसकी उत्पादन क्षमता 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन कर दी गई थी। वर्तमान में यह संयंत्र आवासीय क्षेत्र के निकट स्थित होने के कारण इसका स्थानांतरण आवश्यक हो गया है। डॉ. शर्मा ने जानकारी दी कि हैफेड के प्रशासक मंडल द्वारा आईएमटी रोहतक स्थित मेगा फूड पार्क में लगभग 7 एकड़ भूमि आरक्षित कर नए पशु चारा संयंत्र की स्थापना के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। परियोजना के क्रियान्वयन हेतु परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिसर लगभग 16 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है, जिसमें पशु चारा संयंत्र के अतिरिक्त जिला कार्यालय, 39 हजार मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम, कर्मचारी आवासीय क्वार्टर, महाप्रबंधक आवास तथा अन्य कार्यालयीय अवसंरचनाएं मौजूद हैं। फीड प्लांट के स्थानांतरण के उपरांत इस भूमि का उपयोग उपयुक्त विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

### कार्यरत अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों का मुद्दा भी उठाया



इसके अलावा विधायक बत्रा ने हरियाणा विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में एक्सटेंशन लेक्चररों के नियमों के अनुरूप विश्वविद्यालयों में नियुक्त अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसर पिछले एक वर्ष से सेवा सुरक्षा और रोजगार की गारंटी का इंतजार कर रहे हैं।

### कामगार मजदूर मोर्चा के पोर्टल का मुद्दा भी सदन में उठा

विधायक ने कामगार मजदूर मोर्चा के पोर्टल का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल पिछले छह महीनों से बंद पड़ा है, जिसके कारण हजारों मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल बंद होने से मजदूरों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रवासी मजदूरों के रजिस्ट्रेशन में आ रही परेशानियों का जिक्र करते हुए सरकार से उनके लिए राहत की मांग की।

### सभी पार्कों को बेहतर सुविधाओं, स्वच्छता और हरियाली से लैस करना प्राथमिकता

# वार्ड 14 के 10 पार्कों का 45 लाख से कायाकल्प हरियाली और आधुनिक सुविधाओं पर रहेगा जोर

*निगम पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि मानसरोवर पार्क में नया मड ट्रैक तैयार किया गया है, साथ ही मरम्मत और सौंदर्यीकरण से जुड़े अन्य कार्य भी पूरे किए गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम वार्ड-14 में स्थित पार्कों की सूरत जल्द ही बदली नजर आएगी। वार्ड के 10 पार्कों का करीब 45 लाख रुपये की लागत से कायाकल्प कराया जाएगा। यह जानकारी निगम पार्षद कंचन खुराना ने मानसरोवर कॉलोनी स्थित चौधरी बख्शा राम स्मृति पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन करते हुए दी। उन्होंने कहा कि वार्ड के सभी पार्कों को बेहतर सुविधाओं, स्वच्छता और हरियाली से लैस करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि नागरिकों को सुबह-शाम सैर के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ मानसरोवर कॉलोनी की सबसे बुजुर्ग महिला कौशल्या देवी मित्तल, चरण दास चिटकारा और कृष्ण लाल शर्मा द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों की अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिली। निगम पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि मानसरोवर पार्क में नया मड ट्रैक तैयार किया गया है, साथ ही मरम्मत और सौंदर्यीकरण से जुड़े अन्य कार्य भी पूरे किए गए हैं। अर्जुन नगर स्थित जीरो पार्क का पूर्णतया नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे यह पार्क आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो सके। इसके अलावा चौधरी बख्शा राम पार्क और विजय पार्क-1 में गजीबों (छतरी) का निर्माण कराया जाएगा, जिससे पार्क में बैठने और विश्राम की बेहतर व्यवस्था हो सके।



### विजय पार्क-2 में नया वॉकिंग ट्रैक बनेगा

विजय पार्क-2 में नया वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा, जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। वहीं झंग कॉलोनी स्थित नंद मंदिर पार्क, एकता पार्क और नर्सरी पार्क में मरम्मत व सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। सुभाष नगर के कैलाश पार्क, मॉडल टाउन के डबल पार्क और तिकोना पार्क में भी आवश्यक मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इन सभी कार्यों के पूरा होने के बाद वार्ड के पार्क न सिर्फ देखने में सुंदर होंगे, बल्कि नागरिकों के लिए उपयोगी और सुरक्षित भी बनेंगे। उनका उद्देश्य वार्ड के हर पार्क को जीवन और हरियाली से भर देना है। बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं को पार्कों में बेहतर माहौल मिले, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. मंगल सैन, मंडल महामंत्री मुकेश टक्कर, ईश्वर आहूजा, डॉ. बालकृष्ण गोयल, डॉ. वी.के. चावला, मदन लाल बावरा, रमेश डावरा, महेश चंद्र शर्मा, दीपक भाटिया, महेंद्र भठला, बंटी बजाज, भुवनेश टुटेजा, महेंद्र खुराना, नवीन आहूजा, पंकज अरोड़ा, शीतल पाल, रश्मि डावरा, सुषमा बत्रा, रोजी टुटेजा, प्रेम मुखीजा, सुभाष परूथी, घनश्याम छाबड़ा, अनिल अरोड़ा, सुदेश परुथी, खुशहाल डुडेजा, आशा आहूजा, राकेश डंग, बिट्टू मिगलानी, दीपक नागपाल, राजेंद्र नासा, ओम प्रकाश पाल, ईश्वर विरमानी, राज जुनेजा, तरुण गुलाटी, रॉबिन सचदेव, गुलशन कटारिया, कृष्ण अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री बाबा मस्तनाथ शिक्षा शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया



**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर छात्राओं को संबोधित करते प्रोफेसर अरुणा अंचल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च कॉलेज में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरुणा अंचल ने छात्र-अध्यापकों ने रामानुजन के जीवन परिचय, उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा तथा गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अन्य वक्ताओं ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन ने संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणियों, निरंतर भिन्नों और गणितीय विश्लेषण के क्षेत्र में ऐसे मौलिक कार्य किए, जिनकी उपयोगिता आज भी विश्वभर में शोध और विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में देखी जाती है। उनके कार्यों ने भारतीय गणित को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया गया तथा वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष के रूप में मनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करना, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना तथा दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता को समझाना है।

### राष्ट्रीय गणित दिवस रचनात्मक उत्सव

वर्ष 2025 के राष्ट्रीय गणित दिवस की थीम गणित, कला और रचनात्मकता रही। इस विषय के अंतर्गत छात्र-अध्यापकों ने गणित और कला के आपसी संबंधों को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने गणितीय मॉडल, चार्ट, आकृतियां एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहा। संस्थान की शिक्षिकाएं डॉ. सीमा एवं डॉ. सुशीला शर्मा ने कहा कि आधुनिक युग में गणित की भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बिग डेटा, विज्ञान, तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में गणित की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने गणित को नवाचार, समस्या समाधान और तार्किक सोच का मजबूत आधार बताया। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर अरुणा अंचल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## पैक्स कर्मचारियों ने दिया धरना



**रोहतक।** दी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) कर्मचारियों ने कर्मचारी महासंघ हरियाणा के बैनर तले सोमवार को को-आपरेटिव बैंक परिसर में धरना देकर नारेबाजी की। प्रधान दविन्द्र राणा, महासचिव भगवंत शर्मा एवं खजांची फूलाराम ने बताया कि वेतन में खामी को देखते हुए वेतन के अवलोकन के लिए विभागीय कमेटी का गठन 2018 में किया गया। कमेटी द्वारा वेतन का अवलोकन कर 2019 में रिपोर्ट विभाग व सरकार को सौंप दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा वेतन खामी रिपोर्ट का गहराई से अवलोकन किया गया। इसके बाद पैक्स कर्मचारियों के वेतन में खामी को मानते हुए मुख्यमंत्री द्वारा 2019 को घोषणा की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



## सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**रोहतक।** सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने की। संस्था के उपप्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश सैनी, स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेजियम सदस्य ऋतुराज सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सात दिनों के शिविर में अर्जित अनुभवों को अपने जीवन में उतारना ही इस शिविर की वास्तविक सफलता है। उन्होंने एनएसएस के मूल मंत्र स्वयं से पहले आप को अपनाने और सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस चरित्र निर्माण की एक सशक्त प्रयोगशाला है, जहां सेवा, त्याग, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व के संस्कार विकसित होते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना ही शिक्षा की सच्ची सार्थकता है। समापन समारोह में वॉलिंटियर्स ने भाषण, कविता एवं नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाया



**रोहतक।** जींद रोड स्थित बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना तथा इसके वैश्विक महत्व से उन्हें परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल पोपली, उप-प्राचार्या सोनिया सिंधवानी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण कर किया गया। वक्ताओं ने रामानुजन के जीवन, संघर्ष और गणित के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके शोध आज भी विश्वभर के गणितज्ञों को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर गणित प्रश्नोत्तरी, गणितीय चार्ट एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।

# गणितीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती हर्षोल्लास एवं शैक्षणिक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक, मिडिल एवं सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गणितीय, रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राथमिक वर्ग में बैक काउंटिंग, मापन, भारी-हल्का, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मिडिल वर्ग में बैक काउंटिंग टेबल, मॉडल निर्माण, गेम/पजल, पेपर रीडिंग, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच को उजागर किया। सीनियर सेकेंडरी वर्ग में



रंगोली, मॉडल, पोस्टर मेकिंग, गणितीय कविता, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका सीमा भूटानी ने कहा कि रामानुजन जयंती का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति भय को दूर कर उसे रुचिकर बनाना है। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने रामानुजन के जीवन को परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास की मिसाल बताते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सांख्यिकी अनुसंधान, शैक्षणिक नेतृत्व और सामाजिक सेवा के लिए सम्मान

# प्रतिष्ठित आईएसपीएस फेलो अवार्ड 2025 से प्रो. मलिक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के डीन, एकेडमिक अफेयर्स एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक को इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएसपीएस) ने प्रतिष्ठित आईएसपीएस फेलो अवार्ड 2025 से नवाजा है। यह सम्मान उन्हें सांख्यिकी एवं प्रायिकता के क्षेत्र में उनके निरंतर, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शोध कार्यों के साथ-साथ आईएसपीएस सोसाइटी को दी गई दीर्घकालिक सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। प्रो. एससी मलिक ने इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स में अध्यक्ष, सचिव तथा दो बार कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। उनके नेतृत्व में सोसाइटी की शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिली तथा संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्राप्त हुई। उनके प्रयासों से सांख्यिकी अनुसंधान, युवा शोधकर्ताओं के मार्गदर्शन और शैक्षणिक सहयोग को व्यापक प्रोत्साहन मिला है।




**रोहतक।** डीन, एकेडमिक अफेयर्स एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक सम्मानित होते।

### डेटा विज्ञान की बढ़ती भूमिका को बताया

प्रो. मलिक को यह अवार्ड आंध्र प्रदेश के अमरावती (विजयवाड़ा) स्थित वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रिसेंट एडवांसेज एंड इनोवेटिव स्टैटिस्टिक्स विद एन्हान्सिंग डेटा साइंस के उद्घाटन सत्र में प्रदान किया गया। यह सम्मेलन इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स के 45वें वार्षिक अधिवेशन में दिया गया, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात सांख्यिकीविदों, शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने सहभागिता की। सम्मेलन ने समकालीन शोध, नीति निर्धारण और निर्णय प्रक्रिया में सांख्यिकी एवं डेटा विज्ञान की बढ़ती भूमिका को प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया। इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स पिछले चार दशकों से अधिक समय से शैक्षणिक उत्कृष्टता, बौद्धिक पारदर्शिता और व्यावसायिक नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत रही है। सोसाइटी ने विचार-विमर्श, सहयोगात्मक अनुसंधान, अकादमिक संवाद और युवा प्रतिभाओं के विकास के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया है, जिससे भारत सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकी विषय को नई दिशा मिली है। यह अवार्ड प्राप्त करते हुए प्रो. एससी मलिक ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक सोसाइटी की समृद्ध विरासत और सांख्यिकी अनुशासन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने भविष्य में भी इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स के उद्देश्यों की पूर्ति और सांख्यिकी के समाजोपयोगी विकास में निरंतर योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। डेटा-आधारित वर्तमान युग में प्रायिकता और सांख्यिकी की भूमिका निरंतर विस्तार पा रही है, और आईएसपीएस इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।